**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**28.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बंजार विधानसभा क्षेत्र में 74 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- विमल नेगी मृत्यु मामले को लेकर भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन—दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा—विमल नेगी के मामले में सीबीआई को हर स्तर पर सरकार करेगी सहयोग—भाजपा के आरोप तथ्यहीन।
- प्रदेश कांग्रेस ऑपरेशन सिंदूर सहित अन्य युद्ध वीरों के सम्मान में 30 मई को शिमला में करेगी जयहिंद सभा कार्यक्रम का आयोजन।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने कुल्लू जिला के दो दिवसीय प्रवास के पहले दिन आज बंजार विधानसभा क्षेत्र में 74 करोड़ 47 लाख रूपये की 19 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इस दौरान देहूरी में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बंजार में सीबीएसई बोर्ड आधारित राजीव गांधी डे—बोर्डिंग स्कूल और दस हजार लीटर क्षमता वाला मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश की जनता की संपदा को लुटाया और विधानसभा चुनाव जीतने के लिए 5 हज़ार करोड़ रुपये की चुनावी रेवड़ियां बांट दी गईं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पूर्व सरकार के मुकाबले अपने अढ़ाई साल के कार्यकाल में प्रदेश की सम्पदा को प्रदेश के लोगों को बांटा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा व दिल्ली राज्यों को 14 साल से लंबित बीबीएमबी का एरियर हिमाचल को देने संबंधी शपथ पत्र सुप्रीम कोर्ट से दायर करने पर किशाऊ बांध के मुद्दे पर बातचीत होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के तहत बंजार विकास खंड की 2 हज़ार 2 सौ 38 पात्र महिलाओं को एक करोड़ 71 हज़ार की सम्मान राशि भी हस्तांतरित की।

**भाजपा ज्ञापन**

प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात कर उन्हें विमल नेगी मौत मामले को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन

और भाजपा सांसद व विधायक मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा ने ज्ञापन में 5 मांगें की हैं। पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने ये जानकारी दी।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विमल नेगी मामले में भाजपा उनके परिवार को न्याय दिलाने के पक्ष में हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता और प्रशासनिक विफलता के गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र देने की मांग की है।

जयराम ठाकुर ने विमल नेगी मामले पर मुख्यमंत्री द्वारा हाईकोर्ट के आदेशों पर की गई टिप्पणी को अदालत की अवमानना करार दिया है।

**विक्रमादित्य**

उधर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विमल नेगी के परिवार को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और सीबीआई को हर स्तर पर सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस मामले से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करके ये स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा की कार्यशैली में उतावलापन दिखाई देता है और उन्होंने जल्दबाजी में आधारहीन तथ्यों को पेश करते हुए सरकार के खिलाफ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दों को उछालने का काम किया है।

**जय हिन्द सभा**

प्रदेश कांग्रेस ऑपरेशन सिंदूर और सन् 1962, 1971 व कारगिल युद्ध में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले प्रदेश के जांबाजों के सम्मान में शिमला में 30 मई को सुबह 11 बजे जय हिन्द सभा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा है। उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज इस संबंध में शिमला आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व सैनिक व शहीदों के परिजन भाग लेंगे। बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने आयोजन संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जयहिन्द सभा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राज्यसभा सांसद अजय माकन व प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल सहित कई गणमान्य इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। शांडिल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के उन वीर सैनिकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िला की सांगला तहसील के बेरिंग नाग मंदिर परिसर में 16 लाख रूपये से निर्मित बैठक स्थल का लोकार्पण किया और 26 लाख रूपये की राशि से बनने वाले रो–सारंग सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। बाद में मंदिर परिसर में आयोजित अठारो समारोह में भी उन्होंने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण के लिए कई कदम उठा रही है।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि समाज के सभी वर्गों में गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इसी के दृष्टिगत पिछले दो से अधिक वर्षों में शिक्षा विभाग में शिक्षकों के हजारों पदों को भरा गया है। आज रोहड़ू में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि बोलते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में टीजीटी आर्ट्स, मेडिकल और नॉन मेडिकल के 9 और 37 पदों को राज्य चयन आयोग से भरा जायेगा जिसके आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही 18 सौ से अधिक जेबीटी के पदों को भी आयोग के माध्यम से शीघ्र ही भरा जायेगा। रोहित ठाकुर ने नशे की बढ़ती प्रवृति पर चिंता जताते हुए कहा कि इसे रोकने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे।

## उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय शिमला द्वारा विधि विश्वविद्यालय घंडल में अनचाही वाणिज्यिक कॉल और स्पैम कॉल पर उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया। इस कार्यक्रम में साइबर धोखाधड़ी और साइबर अपराध से संबंधित मुद्दों पर प्रेजेंटेशन भी दी गई। विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए ट्राई के सलाहकार विवेक खरे ने दूरसंचार उपभोक्ताओं के अधिकारों सहित उनके हितों की संरक्षण के लिए ट्राई द्वारा की गयी विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने अनचाही वाणिज्यिक कॉल और स्पैम कॉल की शिकायत, इसकी निपटारा प्रणाली और ट्राई के विनियमों, निर्देशों व आदेशों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्रदेश पुलिस की साइबर सेल द्वारा साइबर धोखाधड़ी और साइबर अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रस्तुति दी गई।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बंजार विधानसभा क्षेत्र में 74 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उदघाटन व शिलान्यास।
- विमल नेगी मृत्यु मामले को लेकर भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन–दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–विमल नेगी के मामले में सीबीआई को हर स्तर पर सरकार करेगी सहयोग–भाजपा के आरोप तथ्यहीन।
- प्रदेश कांग्रेस ऑपरेशन सिंदूर सहित अन्य युद्ध वीरों के सम्मान में 30 मई को शिमला में करेगी जयहिंद सभा कार्यक्रम का आयोजन।